डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 132 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 24 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## गौवंश भरकर जा रही पिकअप का पीछा करने के दौरान पलटी, 7 गौवंश मुक्त कराए

**पिपलियामंडी, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गौवंश भरकर जा रही पिकअप का राष्ट्रीय गौ रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने 55 किलोमीटर पीछा किया, इस दौरान पिकअप बोतलगंज के निकट पलट गई। पिकअप में 7 गौवंश भरे थे, जिन्हें गौशाला भिजवाया। जानकारी के अनुसार पिकअप में गौवंश की तस्करी की सूचना पर राष्ट्रीय गौरक्षा दल के प्रदेश प्रवक्ता हेमेन्द्रसिंह राठौड़, हेप्पी बन्ना, सचिन नागदा, कन्हैयालाल सुथार, हर्षराजसिंह हाड़ा, लोकेश नागदा, गोपाल नागदा, राजकमल नागदा ने वाहन से नयागांव के निकट पिकअप का पीछा किया व संबंधित थानों पर भी सूचना दी। इस दौरान बोतलगंज के निकट पिकअप (एमपी 45 जी 2899) असंतुलित होकर पलटी खा गई और सड़क से नीचे साइड में उतर गई। पिकअप में 7 गौवंश थे, जिसमें से एक गौवंश घायल हो गया। जिसका उपचार कराया। बाद में गौवंश को गौशाला भिजवाया। पिकअप में सवार ड्राइवर पिकअप छोड़कर भाग निकला। पिपलियामंडी पुलिस ने क्रेन से पिकअप को उठवाया व जब्ती में लेकर पशुक्रुरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।




# चैंपियंस ट्रॉफी : खाईवालों को पुलिस का अभयदान..!

## मंदसौर के सटोरियों का दुबई से लिंक, हर बाल पर लगता है सट्टा

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कुछ समय पहले रतलाम और नीमच पुलिस क्रिकेट के सट्टेपर कई बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। मंदसौर में भी इस समय चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान क्रिकेट का सट्टा जोरों पर चल रहा है। हालांकि मंदसौर पुलिस क्रिकेट के खाईवालों को अभयदान देते नजर आ रही है। लंबे समय से मंदसौर पुलिस ने कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की। जबकि, दो साल पहले आईपीएल में कोतवाली सहित कई थानों ने आईपीएल के सट्टेपर लगाम लगाने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की थी। इस कार्रवाई में मंदसौर के खाईवालों के दुबई से लिंक भी सामने आए थे। जाहिर सी बात है कि दुबई तक लिंक रखने वाले खाईवाल अब चैंपियंस ट्रॉफी में जमकर खाई वाली कर रहे हैं।

रविवार को चैंपियंस ट्राफी में इंडिया पाकिस्तान का मैच था। चैंपियंस ट्राफी पूरे शबाब में आने के साथ-साथ ही जिले भर में आईपीएल पर सट्टा लगाने वालों की बाढ़ सी आ गई है। एक बार फिर जिले भर में खुलेआम चैंपियंस ट्राफी के मैचों पर सट्टा लगाने का कारोबार तेजी पर है। लेकिन, पता नही क्यों इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसे कई अड्डे हैं जहां कई मोबाईल सेट के माध्यम से आईपीएल पर सट्टा लगाया जा रहा है। ऐसे में जिले का युवा वर्ग सट्टे की गिरफ्त में फंसते जा रहा है। जिस प्रकार मैच के दौरान चौका, छक्का लगाने पर चीयर लीडर्स का उत्साह देखते ही बनता है, ठीक उसी प्रकार इस कारोबार में हर रोज दो-चार लोग मालामाल हो रहे हैं। जबकि, सैकड़ों युवा कर्ज और कंगाली के दलदल में फंसते जा रहे हैं।

### हर बॉल पर सट्टा...

क्रिकेट के मैचों में सट्टेका बोलबाला इस कदर बढ़ा हुआ है कि दोनों टीमों के द्वारा फेकी जाने वाली हर बॉल में लाखों रुपए के सट्टे का दांव लगता है। वहीं चौके-छक्के और विकेट गिरने पर सट्टे का रेट भी ऊपर नीचे होता है। जिस प्रकार जिले में आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने का कारोबार चल रहा है। उसने पुलिस के नाकाम सूचना तंत्र को उजागर कर दिया है।

### बेईमानी के धंधे में ईमानदारी...

बेईमानी के धंधे में जितनी ईमानदारी है, उतनी और कहीं नहीं। यही वजह है कि सट्टे में मिलने वाली और लगने वाली रकम का हिसाब किताब बिना किसी लिखा पढ़ी के इस प्रकार ट्रांसफर कर दी जाती है कि किसी को कानों कान खबर नहीं हो पाती। यह रकम तो कभी कभी लाखों तक पहुंच जाती है। लेकिन, उसके बाद भी न तो लेने वाले का न ही देने वाले का ईमान कभी डगमगाता है। हां इतना जरूर होता है कि कभी कभार किसी मिस अंडर स्टैंडिंग की वजह से लेन देन में विवाद होता है। लेकिन, उसके लिये भी संचालनकर्ता मोबाइल में बुक कराई गई राशि और रनों की संख्या की रिकार्डिंग आसानी से खिलाड़ी को सुना देते हैं।



### दो साल पहले कार्रवाई में मिले थे बड़े लिंक...

दो साल पहले शहर कोतवाली पुलिस ने करोड़ो के हिसाब किताब के साथ आईपीएल का सट्टा पकड़ा था। इसमें दुबई से क्रिकेट के सट्टेके लिंक सामने आए थे। मंदसौर का ही कोई व्यक्ति इंटरनेट जनरेट नंबर से इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से स्थानीय लोगों के संपर्क में होने की बात सामने आई थी। वर्तमान में भी इसी तरह से आईडी वितरण का काम किया जा रहा है। पूर्व में यह भी जानकारी पुलिस को मिली थी कि स्वयं की एक फर्जी वेबसाइट और गेमिंग एप बनाकर काम किया जा रहा है।



# सराफा बाजार स्थित किराना दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सराफा बाजार में रविवार सुबह करीब 5 बजे एक किराना दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान के ऊपरी हिस्से में रह रहे परिवार की जान दुकान मालिक के बेटे की सूझबूझ से बच गई। हालांकि आग में दुकान का सारा सामान और फर्नीचर जलकर राख हो गया, जिससे लाखो रुपए का नुकसान हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार दुकान मालिक अब्दुल स्माइल के बेटे ने धुआं देखते ही छत से कूदकर पड़ोसियों को जगाया और नगर पालिका की फायर फाइटर टीम को सूचना दी। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से छत की खिड़की से परिवार के अन्य सदस्यों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्थानीय निवासियों और दमकल की टीम ने मिलकर करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# बोर्ड परीक्षा: उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी मिली तो बनेगा नकल का प्रकरण

**भोपाल, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल (माशिमं) 10 वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में नकल पर रोक के लिए कई एहतियात बरत रहा है। इस बार प्रश्नपत्रों के बंडलों को थाने से निकालने और वितरित करने में कई सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के साथ कोरी उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण क्रमांक वार किया जाएगा। उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी, टूटी या कम पेज होने पर किसी भी विद्यार्थी को वितरित नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा, बल्कि नकल प्रकरण में दर्ज होगा। बता दें कि दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में मंदसौर जिले के भी करीब 44 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।**




बोर्ड ने विद्यार्थियो को उत्तर पुस्तिका संभालकर रखने और छेड़छाड़ नहीं करने के लिए कहा है। खराब उत्तरपुस्तिका मिलने पर केंद्राध्यक्ष से शिकायत करें और दूसरी कॉपी लें। माशिमं ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कॉपी की सिलाई उखड़ी या पृष्ठ फटा पाया गया तो उसे संदेहास्पद मानकर नकल का मामला बना दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी।

### इसलिए लिया फैसला...

बोर्ड परीक्षाओं में कई बार नकल के लिए उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ की शिकायतें सामने आई हैं। कुछ छात्र पृष्ठ बदलकर या अलग से पेज जोड़कर जमा कर देते हैं। इसे रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने यह सख्त निर्देश जारी किए हैं। इस सख्ती से बोर्ड परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहेगी, नकल पर भी अंकुश लगेगा।

## दो हादसे, एक गंभीर रेफर

**पिपलियामंडी, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में दो सड़क हादसे हुए। एक हादसे में फोरलेन पर गोभी से भरी पिकअप पलटी खा गई, वहीं दूसरे हादसे में तूफान जीप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। रविवार रात्रि 9.30 बजे करीब फोरलेन पर रोड़ के राजा के निकट गोभी से भरी पिकअप असंतुलित होकर पलटी खा गई। गनीमत रही ड्राइवर को चोंट नही आई। हादसे के बाद रोड़ पर जाम लग गया। सूचना पर पुलिस पहुंची व जाम खुलवाया। वहीं क्रेन से पिकअप को सड़क से हटवाया। वहीं दूसरा हादसा शनिवार रात्रि पिपलिया चौपाटी पर हुआ। इसमें बाइक सवार ... **शेष पेज 4 पर**

# पाकिस्तान से जीता भारत, कोहली का 51वां वनडे शतक

**दुबई, 23 फरवरी।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42।3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सउद्द शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।

**भारत की जीत के 2 हीरो-** ✻ विराट कोहली : 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। ✻ कुलदीप यादव : 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।



**पाकिस्तान की हार के 2 कारण-**
✻धीमी बैटिंग: पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सउद्द शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी। ✻ स्पिनर्स की कमी: पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वॉड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को भी नहीं रखा।

# शिवरात्रि: उज्जैन-भोपाल के बीच स्पेशल ट्रेन



महाशिव रात्रि को लेकर श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर मंदसौर में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

**उज्जैन, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल-उज्जैन के बीच 23 फरवरी रविवार से स्पेशल ट्रेन शुरु की गई है। महाशिवरात्रि पर उज्जैन और सीहोर में होने वाली भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने ये फैसला लिया है। रेलवे अधिकारी के मुताबिक उज्जैन एवं सीहोर में महाशिवरात्रि के दौरान रेलवे स्टेशन पर आने वाली अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए इस ट्रेन को चलाया जा रहा है। ये ट्रेन 23 फरवरी से 4 मार्च तक चलाई जाएगी।

### इन स्टेशनो पर होगा स्टॉपेज...

ट्रेन नंबर 09307 उज्जैन भोपाल स्पेशल 23 फरवरी से 4 मार्च तक उज्जैन से प्रतिदिन शाम 5.35 बजे चलकर मक्सी 6.25 बजे, शुजालपुर 7.10 बजे, सीहोर 8.27 बजे एवं संत हिरदाराम नगर 9.05 बजे होते हुए प्रतिदिन रात्रि 9.35 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 09308 भोपाल उज्जैन स्पेशल 23 फरवरी से 4 मार्च तक भोपाल से प्रतिदिन रात 10.20 बजे चलकर संत हिरदाराम नगर 10.43 बजे, सीहोर 11.00 बजे, शुजालपुर रात 12.25 बजे एवं मक्सी देर रात 1.25 बजे होते हुए रात्रि 2.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी। यह ट्रेन स्लीपर, सामान्य श्रेणी एवं एसएलआर कोच के साथ चलेगी।

# फिर राहुल का चयन संदेह के घेरे में, शगूफे बाज प्रभारी प्रदेश कांग्रेस को सुधारेंगे...!

**मंदसौर/उज्जैन, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीते समय कमलनाथ की प्रदेश सरकार के समय सालों बाद अनुभवी गली मोहल्लों के कार्यकर्ताओं में पकड़ बना चुके पूर्व प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल प्रदेश भर में दौरा कर सार्वजनिक कर चुके थे की गली मोहल्ले में जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठित करना होगा। सतही और गुटीय नेताओं के भरोसे न संगठन चलेगा ना कांग्रेस चल पाएगी। इसके उलट राहुल के मार्गदर्शक का नजरिया कांग्रेसी वातावरण के लिए प्रतिकूल था। इतना कि जेपी अग्रवाल से प्रदेश का प्रभार लेकर विधानसभा चुनाव में अपनी जमानत जप्त कराने वाले रणदीप सुरजेवाला को प्रभार दे दिया गया था। तब प्रदेश में कांग्रेस बुरी तरह विधानसभा चुनाव में हारी थी और लोकसभा में तो खाता भी नहीं खोल पाई थी।

इस नतीजे के बाद सुरजेवाला से प्रभार लेकर राजस्थान के भंवर जितेंद्र सिंह को प्रदेश प्रभारी बनाया गया था। जितने महीने प्रदेश प्रभारी रहे। उससे आधा प्रतिशत भी प्रदेश कांग्रेस संगठन के लिए कुछ कर नहीं पाए थे। इसी बीच कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी की संगठन को ऊर्जावान बनाने की पुनर्गठन मुहिम में प्रदेश प्रभार से मुक्त कर दिए गए। अब हाल ही की घोषणा में राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन द्वारा बदले गए प्रभारी में मध्य प्रदेश का प्रभार फिर से राजस्थान से ही पूर्व सांसद हरीश चौधरी को बनाया गया है। अपनी प्रभार लेने वाली पहली ही यात्रा में डिंगे हांक चुके है कि 75 दिनों में 54 जिलों के नए अध्यक्षों के नाम चयन कर लिए जाएंगे। ऐसा कर पाएंगे तो प्रदेश भर में प्रशंसा पा जाएंगे, वरना सुरजेवाला और भंवर जितेंद्र सिंह की तरह प्रदेश पर बोझ साबित हो जाएंगे।



चन्द्रमोहन भगत

सूरजेवाला पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी कहलाते थे। इसी कारण बेहतर संगठन का काम करने वाले जेपी अग्रवाल को हटाकर सुरजेवाला को प्रभार दिलाया गया था। नतीजा प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय कांग्रेस पदाधिकारियो ने भी देखा कि विधानसभा चुनाव में विधायक प्रत्याशी चयन में कार्यकर्ता और जनमत की पसंद को नजर अंदाज कर सिफारिशी और छत्रप नेताओं की पसंद को प्राथमिकता देकर कांग्रेस को जीतता चुनाव हारने को मजबूर कर दिया था। भंवर जितेंद्र सिंह भी प्रदेश प्रभारी बनते ही छत्रप नेताओं की पसंद को प्राथमिकता देने लगे थे। अब वर्तमान प्रभारी हरीश चौधरी भी सूरजेवाला, भंवर जितेंद्र सिंह की तरह ही स्वयंभू बड़े नेता हैं। संगठन संवारने का तरीका भी इतना बड़ा अपनाया है कि 75 दिनों में 54 जिला अध्यक्ष चयन कर घोषित करने का।

इस तरह की टाइम लिमिट घोषणा से लग रहा है कि वाकई वे रैफरी हैं। अनुशासनहीनता करने वालों को रेड कार्ड दिखा कर बाहर का रास्ता दिखा देंगे। दूसरी तरफ 75 दिनों में 54 जिला अध्यक्ष नहीं बना पाए तो खुद... रैफरी होना साबित करेंगे। इस दावे से लग रहा है कि संगठन की कार्यप्रणाली नहीं जानते हैं या अभी सांगठनिक अनुभव ले रहे हैं। राजनीतिक जगत में काम करने वाले सभी जानते हैं कि कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी राष्ट्रीय केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में संगठन की सर्जरी की हुंकार भरने के डेढ़ महीने बाद भी एक दर्जन पदाधिकारी को हटाकर दूसरों को जिम्मेदारी दे पाए हैं। इसके साल भर पहले ही राहुल गांधी अपनी पदयात्रा समाप्त करने के बाद से ही संगठन में आमूल चूल परिवर्तन का दावा करते रहे हैं पर करने में दावे जैसी गति अभी तक नजर नहीं आ रही है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एक तरफ समय सीमा तक तय कर चुके हैं, दूसरी तरफ अपनी खास राजनीतिक कुशलता भी कायम रखे हुए हैं कि मोबाइल पर कॉल अटेंड नहीं करते हैं फिर चाहे व्यस्त रहें या अव्यस्त, राजस्थान वाली खासियत मध्यप्रदेश में कायम रखे हुए संगठन को सुधारेंगे!

## चतुर्थवा पुष्पांजलि



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पढ़ रहा है कि सिंधी समाज के वरिष्ठ ब्राह्मण देवता पं वासुदेव शर्मा की पुत्र वधु पं. धनश्याम पं मनोज शर्मा (ब्राह्मण देवता) की भाभी एवं पं. पवन शर्मा (ब्राह्मण देवता) की चाची पं. कार्तिक शर्मा की माताश्री पं. जगदीश शर्मा की धर्म पत्नी

### श्रीमति वर्षा देवी शर्मा

का आकस्मिक निधन हो गया था जिनका

**चतुर्थवा संयुक्त उठावना (पुष्पांजलि)**

दिनांक 24 फरवरी 2025 सोमवार को सायं 04:00 बजे स्थान-श्रीझूलेलाल धाम सिंधु महल,धान मंडी, वीर सावरकर सेतु मार्ग पर रखी गयी है !

********** शोकाकुल **********

**शर्मा परिवार, मंदसौर (म.प्र.)**

पं. वासुदेव शर्मा (वरिष्ठ ब्राह्मण देवता)
पं. मनोज शर्मा (वरिष्ठ ब्राह्मण देवता) 8770170750
पं पवन शर्मा (ब्राह्मण देवता) 7987380053


MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के दूरदर्शी नेतृत्व में
देश का हृदय प्रदेश लिख रहा
विकास की नई गाथा
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
उद्घाटन
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
CII
Confederation of Indian Industry
24 फरवरी, 2025 | प्रात: 10:00
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल
EY
Shape the future with confidence
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
DD News
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
www.investmp.in
D-11195/24

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD. | CII Confederation of Indian Industry | EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष - 2025

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रूफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये
invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11195/24

## मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025, निवेश और विकास की नई दिशा...

# प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का हो रहा है महाकुम्भ

### प्रधानमंत्री मोदी आज को करेंगे जीआईएस-2025 का शुभारंभ, गृह मंत्री शाह कल होंगे समापन समारोह में शामिल

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से मध्यप्रदेश , औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस समिट का उद्देश्य निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं से अवगत कराते हुए, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को एक फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। समिट का शुभारंभ 24 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से 11:15 बजे तक चलेगा। भोपाल जीआईएस का समापन समारोह 25 फरवरी को गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में शाम 4:30 से 6:00 बजे तक आयोजित होगा।



**समिट में भागीदारी**–इस समिट में देश-विदेश के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां और नीति-निर्माता शामिल होंगे। कुल 31 हजार 659 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में पंजीकरण कराया है। इसमें उद्योग जगत के लगभग 3 हजार 903 विशेष आमंत्रित एवं डेलीगेटस 8046 रहेंगे। इसमें 300 से अधिक गेस्ट ऑफ ऑनर, 133 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभागी 3398 स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि, 562 एनआरआई एवं मध्यप्रदेश प्रवासी, विभिन्न उद्योग संघों के 249 प्रतिनिधि और विभिन्न सत्रों एवं विभागीय समिट्स में 10491 प्रतिभागी शामिल होंगे।

**प्रमुख उद्योगपतियों की उपस्थिति**–समिट में भारत की अग्रणी कंपनियों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ उपस्थित रहेंगे। इनमें श्री गौतम अडानी (अध्यक्ष, अडानी समूह), श्री कुमार मंगलम बिरला (अध्यक्ष, आदित्य बिड़ला समूह), श्री संजीव पुरी (सीएमडी, आईटीसी लिमिटेड), श्री नादिर गोदरेज (सीएमडी, गोदरेज इंडस्ट्रीज श्री अश्विनी अरोडा (एमडी) दावत फूडस श्री रघुपति सिंघानिया, सीएमडी जेके टायर श्री बालकृष्ण गोयनका अध्यक्ष, वेल्सपेन वर्ल्ड, श्री सुनील बजाज कार्यकारी अध्यक्ष श्री आदित्य बिडला, श्री सतीश पई एमडी हिंलातकों इंडस्ट्री, श्री एम के अग्रवाल, एमडी ग्रासिम इंडस्ट्री श्री कैलाश झावर, एमडी अल्ट्राटेक सीमेंट, श्री बाबा एन कल्याणी, सीएमडी भारत फोर्स लिमिटेड, श्री चंद्रजीत बनर्जी, डीजीसीआईआई, श्री कार्तिक भारत राम, संयुक्त एमडीएसआरएफ लिमिटेड, श्री आंद्रे एक होल्ट एमडी हेटिच इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, श्री राघवपत सिंघानिया, एमडी जेकेसीमेंट, श्री विनोद अग्रवाल, एमडी एवं सीईओ वी कमार्शियल व्हीकल्स, श्री पुनीत डालमिया सीईओ डालमिया सीमेंट, श्री सुधीर मेहता, सीएमडी पिनेकल इंडस्ट्रीज श्री कुमार वेंकर सुब्रमण्यम, एमडी प्रॉक्टर एंड गैंबल, श्री अभय फिरोडिया, अध्यक्ष फोर्स मोटर्स, श्रीमती सुचिता ओसवाल जैन, उपाध्यक्ष वर्धमान, श्री हिरोशी योशिजाने, एमडी ब्रिजस्टोन इंडिया, श्री रवि झुनझुनवाला, सीएमडी एचईजी श्री रंजिदर गुप्ता ट्राइडेंट ग्रुप, श्री राहुल संघवी, निर्देशक संघवी फूड, श्री वीर एस अडवणी, सीएमडी ब्लू स्टार, श्री पार्थ प्रतिम सेन गुप्ता, एमडी एवं सीईओ बंधन बैंक एवं श्री इंगो सोलर, सीईओ टीडब्लूई ओबीटी शामिल है।



**प्रमुख सत्र और सम्मेलन**–समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 7 विभागीय सम्मेलन और 10 विशिष्टसत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सत्रों में फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, कपड़ा उद्योग, खाद्य प्र-संस्करण, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, खनन, एमएसएमई, शहरी विकास और प्रवासी मध्यप्रदेश शामिल हैं। इन सत्रों में विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर री आंगस्ते टानो कूआमे, बार्कलेज के ग्लोबल हेड श्री आनंद चित्रे, आईटीईएएस सिंगापुर को सीओओ श्री लिम बून तियोंग, हीरा नंदानी डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक डॉ. निरंजन हीरानंदानी, सिस्को इंडिया की सुश्री डेजी चित्तिला पिल्लई, डीएलएफ ग्रुप के अध्यक्ष श्री राजीव सिंह, बिल एंड मेलिंडा गेस्ट फाउंडेशन श्री रोशो राज श्रेष्ठजैसे प्रमुख वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसके अतिरिक्त, समिट में 5 अन्तर्राष्ट्रीय सत्र भी होंगे जिनमें ग्लोबल साउथ कंट्रीज का सम्मेलन, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन सत्र तथा प्रमुख भागीदार देशों के विशेष सत्र शामिल हैं।

**तीन प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनियां**–समिट में तीन विशेष औद्योगिक प्रदर्शनियां भी आयोजित की जा रही हैं: 1. ऑटो शो: मध्यप्रदेश की ऑटोमोटिव क्षमताओं और भविष्य की गतिशीलता समाधान का प्रदर्शन। 2. कपड़ा और फैशन एक्सपो: पारंपरिक और आधुनिक वस्त्र निर्माण में राज्य की विशेषज्ञता का प्रदर्शन। 3. एक जिला-एक उत्पाद ग्राम : प्रदेश के विभिन्न जिलों की विशिष्ट शिल्पकला और सांस्कृतिक विरासत की झलक।

**राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय भागीदारी**–भोपाल जीआईएस में 60 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधि, उच्चायुक्त, काउंसल जनरल और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसमें प्रमुख भागीदार देशों में जापान, जर्मनी, इंग्लैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर शामिल हैं। जीआईएस में मेक्सिको, ब्राजील, अर्जेटीना, पेरू, अंगोल, बुर्किनाफांसो, मोरक्को, मोल्दोवा, नेपाल और जिम्बाम्बे के राजदूत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, फिजी, जमैका, लेसोथो, रवांडा, सेशेक्स और युगांडा के उच्चायुक्त, यूके, कनाडा, नीदरलैंड, पौलैंड ताइवान, दक्षिण अफ्रिका, कोरूटारिका, पनामा, मैक्सिको, टोगो, स्लोवेनिया के वरिष्ठ राजनयिक बुलगारिया, जिबूती, अल्बानिया, तुबालु हैती, म्यांमार, पलाऊपौलेंड, दक्षिण कोरिया, रोमानिया और उज्बेकिस्तान के ओनोरेरी कौंसल शामिल है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक, डब्ल्यूएआईपीए , जेट्रो, टीएआईटीएआरए , इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत आयरलैंड परिषद सिंगापुर इंडिया चैंबर आफ कॉमर्स, कोरिया इंडिया चैंबर ऑफ कामर्स, इंडो पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संगठन भी शामिल होंगे।

**सीआईआई की राष्ट्रीय समिति की बैठक**–जीआईएस से एक दिन पूर्व 23 फरवरी को सीआईआई की राष्ट्रीय समिति की बैठक आयोजित होगी, जिसमें भारत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस आयोजन से प्रदेश में नई परियोजनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश के केंद्र के रूप में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।

# भारत-यूएई व्यापार संबंधों को नया आयाम

### संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को मिले सुलभ रोजगार, सांसद गुप्ता ने यूएई कार्यक्रम में कहा

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने दुबई में इंडिया क्लब में एसबीबीई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इसी के साथ ही उन्होने गल्फूड 2025 एवं इंडियन पीपुल्स फोरम द्वारा इंडिया क्लब में आयोजित मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । साथ ही उपस्थित भारतवासियों से भारत के गौरवशाली इतिहास, सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं विश्व कल्याण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होने विदेश में भी भारतीय संस्कृति, व्यापार, और मूल्यों को सहेजकर रखा है। उनका उत्साह और भारत के प्रति उनका समर्पण देखकर गर्व की अनुभूति हुई। साथ ही विश्व की सबसे बड़ी खाद्य और पेय व्यापार प्रदर्शनियों में से एक, गल्फूड 2025, दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 129 देशों के 5,500 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। इसमें इस प्रदर्शनी में भारत की महत्वपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है, जिसमें 370 भारतीय कंपनियां हिस्सा हैं। इनमें 122 कंपनियां छह प्रमुख उद्योग संघों के तहत जबकि 248 स्वतंत्र प्रदर्शक शामिल हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख संगठन ।च्म्क।ए डच्म्क।ए भारतीय काजू निर्यात संवर्धन परिषद, एसोचौम, थ्प्म्ए और प्च्म्च्ब् हैं। सांसद गुप्ता ने भारत के विभिन्न प्रतिभागियों के स्टॉल पर जाकर उनके उत्पादों और नवाचारों को देखा। इस दौरान एपेडा (एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्टस एक्सपोर्ट



डेवलपमेंट अथॉरिटी) के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के वैश्विक प्रसार पर चर्चा की। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है, निवेश को आकर्षित कर रहा है और भविष्य के लिए तैयार खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए डिजिटल तकनीकों को अपना रहा है।

उन्होने कहा कि भारत की समृद्ध कृषि विरासत और आधुनिक तकनीकों से निर्मित खाद्य उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर देखना गर्व की बात है। गल्फूड 2025 जैसे वैश्विक आयोजन भारतीय उद्यमियों को अपनी गुणवत्ता और विविधता के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। सांसद गुप्ता ने इस अवसर पर सांसद गुप्ता ने भारतीय किसानों और उद्यमियों की मेहनत को दुनिया तक पहुँचाने में एपेडा का योगदान को सराहा और इस आयोजन में भाग ले रहे सभी भारतीय प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेशित की। उन्होने भारतीय उद्योगपतियों से संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विस्तृत चर्चा की। इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री रामचिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले, राजगढ़ सांसद रोडमल नागर उऔर उद्योगपति शरद अग्रवाल सहित अन्य उद्योगपति व भारतीय नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त का वितरण आज

**नीमच, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आज 24 फरवरी 2025 को भागलपुर बिहार से किया जा रहा है। 19वीं किस्तं वितरण दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जावेगा।

किसान सम्मान समारोह में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ब्लॉक स्तर पर आमंत्रित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर बडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। जिलें की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम हेतु ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। अत: सभी ग्राम नोडल अधिकारी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होंगे और संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को किश्ति प्राप्त करने हेतु ई-केवायसी (पीएमकिसान मोबाईल एप, पीएमकिसान पोर्टल एवं सीएससी केंद्र), आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग (संबंधित बैंक शाखा एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) एवं पीएमकिसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी देंगे। कार्यक्रम से जुड़ने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक https://pmindiawebcast.nic.in का उपयोग किया जा सकेगा।



## युवा चेतना जागृति शिविर सम्पन्न

**मनासा, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत मनासा एवं गायत्री परिवार मनासा द्वारा आज दिनांक 23 फरवरी 2025 को जनपद सभागृह में युवा चेतना जागृति शिविर आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य युवाओं को जीवन लक्ष्यों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना। सामाजिक कुरीतियों को दूर करना तथा सामाजिक बुराइयों से युवाओं को सजग रहने व स्वास्थ्य एवं मानव जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।आज के इस युवा चेतना शिविर में गायत्री परिवार मध्य प्रदेश युवा प्रकोष्ठके प्रांतीय संयोजक डॉक्टर राहुल जी सतुना, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए ।साथ में गायत्री परिवार के जिला संयोजक श्री गिरिराज जी चौहान नीमच, मनासा अनुविभागीय अधिकारी श्री पवन जी बारिया , गायत्री परिवार के वरिष्ठपरिजन श्री बंसीलाल जी कच्छावा एवं श्री महेश धनोतिया के आतिथ्य में संपन्न हुआ। आज के इस कार्यक्रम में मनासा क्षेत्र के लगभग 300 युवाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके, मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं जीवन मूल्यों को गायत्री परिवार की विचारधारा के अनुसार ढालने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम का संचालन श्री लालनाथ बारोड द्वारा किया गया एवं आभार मनासा जनपद उपाध्यक्ष श्री मोहन जी गुर्जर द्वारा व्यक्त किया गया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों का आयोजन

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में शाम 6:30 बजे होंगे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रसास्वादन का आयोजन होगा। सागर के कलाकार जुगलकिशोर नामदेव एवं साथी द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इंदौर के कलाकार कविता तिवारी एवं साथी द्वारा महादेव केन्द्रित नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। नर्मदा पुरम के कलाकार दामिनी पठारिया एवं साथी द्वारा भक्ति गायन किया जाएगा। उक्त आयोजन-मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन, मंदसौर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित एक दिवसीय शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रसास्वादन के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।

## जरा नाम के व्याध द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पैर में बाण लगने से हुआ था परलोक गमन-पं.भारद्वाज

**मनासा, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्रीकृष्ण व गरीब मित्र सुदामा के मिलन के दृष्टांत श्रवण करवाते हुए। जरा नाम के व्याध के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पैर में बाण लगाने से श्रीकृष्ण का परलोक गमन हुआ। व्याध ने भगवान श्री कृष्ण से बाण लगाने के बाद क्षमा याचना की, भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि त्रेतायुग में, में राम था व तुम बाली थे, मेने तुम्हारा वध किया था। द्वापर युग मे उसका विपरीत कर्म फल है। कलयुग में सब विचित्र घटनाये घटित होगी। अभी कलयुग का कुछ अंश ही शुरू हुआ है। आने वाला समय बहुत ही विकराल होने वाला है। महज परमात्मा के स्मरण से जीवन का उद्धार होगा। उक्त बात कथा वाचक पंडित अर्जुन भारद्वाज (टकरावद वाले) के मुखारविंद से चल रही गांव कराड़िया में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के सप्तम दिवस व पूर्णाहुति के अवसर पर व्यासपीठ से कही गई।



रामपुरा क्षेत्र में विगत सात दिवस से श्रीमद भागवत कथा पंडित अर्जुन भारद्वाज के माध्यम से प्रसारित हो रही थी। जिसमे पूर्णाहुति के दिन सुबह पांच कुंडीय यज्ञ के माध्यम से आहुतियां दी गई। प्रात: 11 बजे से श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ हुई। कथा के दौरान ग्रामवासियो द्वारा व्यासपीठ व पंडित अर्जुन भारद्वाज का सम्मान किया गया। साथ ही सहयोगी संगीत कलाकर व क्षेत्र से पधारे धर्मप्रेमीजन व गांव के वरिष्ठव बुजुर्गजन का साफा बांधकर, पुष्पमाला पहनाकर आयोजकसमिति द्वारा सम्मान किया गया। ततपश्चात गांव खड़पालिया में संचालित गौ शाला की गौमाता के लिए दान राशि व गेंहू कराड़िया वासियो द्वारा उपस्थित गौशाला समिति के सदस्यों को व्यासपीठ के माध्यम से भेंट की गई। महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुई व पंडित अर्जुन भारद्वाज के विदाई को लेकर गांव कराड़िया में सांय 7 बजे से भव्य रूप से चल समारोह निकाला गया। जिसमें पूरे गांव वासियो ने डीजे, ढोल व भजनों पर थिरकते हुए विदाई दी।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 27 को

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता मे आयोजित होगी ।बैठक 27 फरवरी 2025 को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1:00 बजे होगी।

## शुद्ध भाषा ज्ञान है आज की महती आवश्यकता

**मंदसौर, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के अंग्रेजी विभाग द्वारा 15 दिवसीय कार्यशाला एक्सप्लोरिंग ग्रामर का आज शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी एवम प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबेजी के मार्गदर्शन में कौशल विकास गतिविधि के रूप में अंग्रेजी विभाग द्वारा लगभग 150 विद्यार्थियों के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप दीपन कर माता सरस्वती का आशीर्वाद लिया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह ने कहा कि यह द्वन्थ्द्व्प दिवसीय पाठ्यक्रम हमारे छात्रों को अंग्रेजी के व्याकरण के बारे में जानकारी प्रदान करेगा और अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होगा जैसे एस.एस.सी, रेलवे, बैंकिंग एवम पि.एस.सी साथ ही महाविद्यालयीन परिक्षाओं में भी सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि यह निशुल्क पाठ्यक्रम कॉलेज के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ में आयोजित किया गया है।पूर्व में भी विभाग द्वारा लेखन कौशल, अनुवाद कला आदि कौशल विकास कार्यक्रमों के द्वारा विद्यार्थियों के हित में प्रयास किया गया है। तेजी से ग्लोबल होती हुई इस दुनिया में कदम ताल मिलाने के लिए एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी इस कार्यशाला का पूरा लाभ लें और कार्यशाला के अंत तक अंग्रेजी भाषा के प्रति आत्मविश्वास को अपने प्रयासों से जागृत करने में सफल हों। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने कहा निरंतर अभ्यास से कठिन से कठिन काम भी सरल किया जा सकता है। यदि हम किसी प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं तो उस प्रक्रिया के प्रति हमें पूरी ईमानदारी बरत कर कार्य करना चाहिए, जिससे हमें वांछित लक्ष्य की प्राप्ति हो सके एवं यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। प्राचार्य महोदय ने एड ऑन कोर्स का अर्थ समझाते हुए बताया की कक्षाओं के अतिरिक्त प्राध्यापकगण विद्यार्थियों की जानकारी व कौशल में वृद्धि करने हेतु अतिरिक्त जानकारी प्रदान करते हैं यह प्रयास विद्यार्थियों के हित के लिए होते हैं।



## मोदीजी के मन की बात सुनी

**मनासा, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कुशाभाऊठाकरे मंडल मनासा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी मोदी की मन की बात का 119वां एपिसोड कार्यक्रम मनासा नगर के बूथ नंबर 56 व 59 रामपुरा नाके पर आनंद मेंस पार्लर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मोदी जी की मन बात सुनी गयी कार्यक्रम के दौरान कुशाभाऊठाकरे मंडल अध्यक्ष विजय जी शर्मा,बूथ क्रमांक 56 के अध्यक्ष मनीष जी झंवर, बूथ क्रमांक 59 के अध्यक्ष राहुल जी द्विवेदी, होटल हलवाई संघ मनासा के अध्यक्ष मनोज जी बिरला, पार्षद प्रतिनिधि लालचंद जी राठौर दिनेश राठौर, भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण राठौर, किशोर सेन , पुष्कर सेन ,कारूलाल सेन , दशरथ सेन , अरुण झंवर, पप्पू कछावा,और बडी जनसंख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे

# पुलिस ने कुकड़ेश्वर क्षेत्र में चोरी गए मोबाइल लौटाए

**कुकड़ेश्वर/मनासा, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिवरात्रि मेला आगामी दिनांक 26 फरवरी से कुकडेश्वर श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में प्रारम्भ होगा। जिसमें व्यवस्थाओं, आवागम, पार्किंग, बायपास, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन, नगर रक्षा समिति व नगर सहित क्षेत्रीय जन के सहयोग से 10 दिवसीय मेले को सफल बनायें जाने हेतु कुकडेश्वर थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक रखी गई। बैठक में मनासा ड्ळ्ज्झ विमलेश उइके, नायब तहदीलदार नवीन छलोत्रे, सुपरवाइजर नितिन उइके, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा नगर परिषद प्रतिनिधि रमेश मोदी द्वारा मेला सम्बन्धीत विशेष चर्चा की। वंही नीमच जिले के विभिन्न थाना अंतर्गत रहने वाले नागरिकों के मोबाईल किसी न किसी कारण से कहीं गुम हो गये या फिर गिर गये हैं, आजकल यह एक



आम समस्या बनती जा रही है। ऐसे पिड़ित मोबाईल धारकों द्वारा सायबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय नीमच एवं केन्द्रीय संचार मंत्रालय के दुरसंचार विभाग द्वारा संचालित उएखठपोर्टल पर गुम मोबाईल खोजने हेतु आवेदन पत्र दिये गये थे। नीमच जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया के मार्गदर्शन में जिले में गुम हुये मोबाईलों की शिकायतों में शीघ्र कार्यवाही करने व गुम मोबाईलों को सर्च कर रिकवर करने के निर्देश प्रभारी सायबर सेल प्रधान आरक्षक प्रदीप शिन्दे एवं सायबर सेल टीम को दिये गये थे। सायबर सेल नीमच द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रां में गुम हुए मोबाईलों की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए विभिन्न कंपनियों के 08 हजार से लेकर 65 हजार रूपयें तक के कुल 101 गुम मोबाईल मुल्य लगभग 18,00,000/- (अठ्ठारह लाख रूपयें) के बरामद किये गये हैं। इसी के तहत पुलिस थाना कुकडेश्वर में आगामी त्योहारों व शिवरात्रि मेला कुकडेश्वर के संदर्भ में दिनांक 23 फरवरी 2025 को नीमच पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया के निर्देशानुसार मनासा एसडीओपी विमलेश उइके व कुकडेश्वर पुलिस थाना प्रभारी सौरभ शर्मा द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम मोबाईल को उनके वास्तविक धारकों को लोटाये गयें। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि कैलाश मालवीय 'घाटी', नरेंद्र मालवीय, कैलाश राठौर, संजय मुजावदिया, बलवन्त खींची, मदन मौर्य सहित नगर रक्षा समिति के सदस्य व पत्रकारगण मौजूद थे।

## दो हादसे, एक गंभीर...

पेज 1 से जारी

पुरानी की पानी की टंकी के पास निवासरत सुनील प्रजापति को तूफान जीप ड्राइवर ने टक्कर मार दी। घायल को पिपलिया सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद मंदसौर भर्ती कराया, हालत गंभीर होने से उसे उदयपुर रेफर कर दिया।

# मारुखेड़ी महादेव मेले में सजने-संवरने लगें झूले व चकरिया

**खजूरीआंजना, 23 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चोमुखी मारुखेडी महादेव मेला 24 फरवरी 2025 गुरुवार से शुरू होने जा रहा है गणपति पूजन के साथ शुरुआत होगी यहां पांच दिवसीय मेले में झूले चक्रीया एवं दुकानें भी लगेगी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से मारुखेडी महादेव मेला काफी विख्यात है इस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रत्येक वर्ष की महाशिवरात्रि महोत्सव व्यवस्था प्रबंधन समिति के तत्वाधान में 71 वें पांच दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा हैं मारू खेडी महादेव में 24 फरवरी 2025 से 28 फरवरी तक रहेगा और हर दिन रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम



प्रतिदिन रहेंगे तुंबड नदी पर स्थित जो चोमुखी मारूखेडी महादेव विराजित है यहां पर शिवरात्रि के पावन पर्व पर अंचल सहित क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं साथ में मेले का आनंद भी लेते हैं मेले में प्रतिदिन रात्रि में नाटक मनोरंजन का मंचन होगा वहीं 24 फरवरी 2025 को गणपति पूजन विधि ग्यारस सोमवार कों होगा,, व हेमाद्री स्नान अग्नि प्रवेश देव स्थापना मिति फाल्गुन विधि बारस मंगलवार दिनांक 25 फरवरी 2025 को होगा,, व हवन अभिषेक बुधवार 26 फरवरी 2025 को होगा, व रुद्र हवन दुर्गा अभिषेक चौदस 27 फरवरी 2025 को होगा,, वह पूर्णावती व प्रसाद वितरण व भव्य आर्केस्ट्रा मिती फाल्गुन अमावस्या शुक्रवार दिनांक 28 फरवरी 2025 को होगा व दोपहर 3:00 से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू होगा अफजलपुर थाना क्षेत्र में शिवरात्रि पर लगने वाला एकमात्र मेला है जिसमें आसपास के हजारों ग्रामीण जन मेले में पहुंचते हैं मेले में लगने वाले झूले चकरिया में झूलने का काफी आनंद लेते हैं मेले का समापन 28 फरवरी को होगा इस दिन मेले में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए अफजलपुर पुलिस प्रशासन के जवान मेले में प्रतिदिन मौजूद रहेंगे चोमुखी मारूखेडी महादेव मेले में प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था मेले में प्रतिदिन की जाएगी वह 28 तारीख को रात्रि में भव्य आर्केस्ट्रा का आयोजन भी होंगा जिसमें आसपास के क्षेत्र से हजारों लोगों की संख्या में ग्रामीण जन पहुंचेंगे।


**सेल्समेन की आवश्यकता**

* अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। * अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।

* वेतन 5 अंको में * योग्यता को प्राथमिकता

******* संपर्क *******

**प्रदीप मोबाईल**

दया मंदिर रोड़ मंदसौर

मोबाईल- 9893100778, 8319811988



**आवश्यकता है**

**ग्राम मुंदड़ी स्थित गिट्टी क्रेशर पर कार्य करने हेतु**

फोर मेन - 2 पद

कम्प्यूटर ऑपरेटर - 2 पद

ट्रक मेकेनिक - 2 पद

की आवश्यकता है।

* अनुभवी को प्राथमिकता

* वेतन योग्यतानुसार

***** सम्पर्क करें *****

**आर.डी. स्टोन क्रेशर**

संजीत रोड, ग्राम मुंदड़ी, जिला मंदसौर

मो. नं.- 9479774747


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in